FORM NO. III

फर्द अहकाम

(नियम–26)

राष्ट्रीय लोक अदालत ताल्लुका खेतड़ी जिला झुन्झुनू (राज.)
दिनांक 14.05.2022 (शनिवार)

लोक अदालत बैंच न्यायालय अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट खेतड़ी

मिसल नम्बरः–01/2022

किस्म प्रार्थना–पत्रः– अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.एक्ट 1956

सोहनलाल पुत्र स्व. होशियार सिंह जाति जाट निवासी मेहाड़ा जाटूवास तह. खेतड़ी

बनाम

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार (भू.अ.)खेतड़ी

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर खेतड़ी जिला झुंझुनूं (राज.)

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
14.05.22	आज यह पत्रावली राष्ट्रीय लोक अदालत ताल्लुका खेतड़ी न्यायालय अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट खेतड़ी के समक्ष पेश हुई। उभय पक्षकारान उपस्थित। पत्रावली पर उपलब्ध प्रलेखीय दस्तावेजात् का ध्यानपूर्वक अवलोकन मनन किया गया। तहसीलदार खेतड़ी की जांच रिपोर्ट क्रमांक 16 दिनांक 28.04.2022 के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने योग्य है। –:आदेशः– अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर वाके राजस्व ग्राम **मेहाड़ा जाटूवास** तहसील खेतड़ी स्थित भूमि जमाबन्दी सम्वत 2074–2077 हाल खाता संख्या 142, 288 व 290 में दर्ज वर्तमान प्रविष्टि सोनू पुत्र होशियार सिंह के स्थान पर **सोहन लाल पुत्र होशियार सिंह** दुरूस्त कर राजस्व रिकार्ड दुरूस्त किये जाने का आदेश दिया जाता है। खाते की शेष प्रविष्टियां यथावत रहेगीं। भूमि पर रहन यदि कोई हो तो, रहन मुक्त होने पर ही आदेश की पालना हो। उक्तानुसार पालना हेतु तहसीलदार (भू.अ.) खेतड़ी को आदेश की प्रति सहित तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल होकर दर्ज नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील जाप्ता दाखिल दफ्तर हो। आदेश आज राष्ट्रीय लोक अदालत ताल्लुका खेतड़ी कैम्प कोर्ट खेतड़ी में दिनांक 14.05.2022 को मजमें आम में सुनाया गया। Signature Not Verified Digitally signed by Jai Singh Date: 2022.10.21 12:34:17 IST Reason: SelfAttested (संजय सुरोलिया) सदस्य अधिवक्ता — (विवेक कटारिया) RTS सदस्य तहसीलदार खेतड़ी — (रिंकु कुमार) अध्यक्ष अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट खेतड़ी	

Scanned with CamScanner